राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2852

17 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय इस्पात नीति

2852. श्री धर्मपुरी श्रीनिवासः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने इस्पात क्षेत्र में आयातों को घटाने और निर्यातों को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय इस्पात नीति को स्वीकृति दे दी है; और

(ख) अंतर्राष्ट्रीय व्यापारियों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए भारतीय इस्पात व्यापारियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): सरकार ने राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 को दिनांक 8 मई 2017 को भारत सरकार के राजपत्र में अधिसूचित किया ताकि इस्पात उत्पादन में आत्मनिर्भरता पाई जा सके और एक वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक उद्योग तैयार किया जा सके एवं वर्ष 2030-31 तक योजनाबद्ध अनुप्रयोगों के लिए उच्च श्रेणी के ऑटोमोटिव स्टील, इलेक्ट्रिकल स्टील, विशेष स्टील और अलॉय की संपूर्ण माँग घरेलू स्तर पर पूरी की जा सके।

(ख): सरकार इस्पात निर्यातकों सहित निर्यातकों को निर्यात प्रोत्साहन, बाजार तक पहुँच बनाने के लिए पहल, निर्यात संवर्धन परिषदों इत्यादि के रूप में सहायता प्रदान करती है।

****